


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बृहस्पतिवार, 23 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 276 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# संसद से सड़क तक संग्राम

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी

● छात्रों के मुद्दे पर चल रहा आंदोलन अब देश के दूसरे हिस्सों में फैल रहा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के जारी प्रदर्शन के बीच संसद से सड़क तक संग्राम छिड़ा हुआ है। एक तरफ संसद के अंदर छात्रों के मुद्दे पर चर्चा शुरू नहीं हो पा रही तो वहीं संसद के मकर द्वार पर विपक्ष लगातार प्रदर्शन कर रहा है। आज सत्ता पक्ष के सांसदों ने भी संसद में चर्चा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान एक बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के आमने-सामने आ गए। उधर सीजेपी और सरकार के बीच बातचीत शुरू होते ही टूट गई है। छात्रों के मुद्दे पर चल रहा यह संग्राम देश के दूसरे हिस्सों में फैल रहा है। जगह जगह से प्रदर्शन की खबरें आ रही हैं। संसद के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को संसद भवन के बाहर NDA और विपक्ष आमने-सामने आ गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्ष के सामने NDA के सांसद भी विरोध प्रदर्शन में उतर गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। NDA सांसद पीएम आवास के बाहर 21 जुलाई को राहुल के धरने का विरोध कर रहे हैं। वहीं इंडिया ब्लॉक नीट पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान प्रियंका गांधी NDA सांसदों के बिल्कुल करीब चली गईं। सुरक्षाकर्मियों ने बीच में आकर उन्हें रोका। संसद के भीतर भी हंगामा जारी रहा। इसके कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि सरकार पहले अपनी पार्टी के उन नेताओं के खिलाफ फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाए, जिन पर पहले गंभीर आरोप लगाए गए थे और बाद में उन्हें पार्टी में शामिल कर लिया गया।

### प्रदर्शन के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई कल

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी। एक जनहित याचिका में अपील की गई थी कि प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली को बंधक बना दिया है। कई सड़कें बंद हैं और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने कहा कि ठीक है, कल सुनवाई होगी। वकील बरुण कुमार सिंहा ने यह याचिका दाखिल की थी।

### प्रदर्शनकारियों और निहंग सिखों के बीच झड़प


जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शनकारियों और निहंग सिखों के बीच झड़प हो गई जिसके बाद पुलिस और सुरक्षा बलों ने हस्तक्षेप कर हालात को नियंत्रित करने की कोशिश की।

### 26 जुलाई को मुंबई में मोर्चा खोलेंगे ठाकरे बंधु



**मुंबई।** महाराष्ट्र में छात्रों के आंदोलन के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने 26 जुलाई को मुंबई में संयुक्त मोर्चा निकालने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि यह मोर्चा छात्रों और उनके अभिभावकों की नाराजगी सरकार तक पहुंचाने के लिए निकाला जाएगा।

## सोनम रघुवंशी की जमानत रद तीन हफ्ते में सरेंडर का आदेश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सोनम रघुवंशी को मिली जमानत रद कर दी। सोनम पर 2025 में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने सोनम को मिली जमानत को चुनौती देने वाली मेघालय सरकार की याचिका को मंजूरी दे दी। जस्टिस एम एम सुंदरेश और पी बी वराले की बेंच ने सोनम को पुलिस के सामने सरेंडर करने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर ट्रायल छह महीने के अंदर आगे नहीं बढ़ता और पूरा नहीं होता है तो सोनम नई जमानत अर्जी दाखिल कर सकती हैं।

## सपा विधायक आलमबदी का 92 साल की उम्र में निधन



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण अध्याय का अंत हो गया है। समाजवादी पार्टी के एक कद्दावर नेता और आजमगढ़ जिले की निजामाबाद सीट से पांच बार विधायक रहे आलमबदी आजमी का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे आजमी ने अपने गृह जनपद आजमगढ़ में अंतिम सांस ली। आलमबदी आजमी को उनकी सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता था। उनके निधन की खबर से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में गहरा दुख व्याप्त है। उनके निधन की जानकारी उनके सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से दी गई।

## रामपुर जा रहे सपा कार्यकर्ताओं की अमरोहा में पुलिस से झड़प

**अमरोहा।** जौहर यूनिवर्सिटी प्रकरण को लेकर गुरुवार को रामपुर कूच कर रहे सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। सदर विधायक महबूब अली समर्थकों के साथ घर से निकले तो पुलिस ने उन्हें गांधी मूर्ति तिराहे पर रोक लिया। यहां बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक दिया गया था। रोके जाने पर सपाई बिफर गए तथा नारेबारी करने लगे। बैरिकेडिंग हटाने को लेकर पुलिस कर्मियों से धक्का-मुक्की तक हुई। लगभग आधा घंटा कर हंगामा जारी रहा। बाद में एसडीएम शशिभूषण पाठक व सीओ डॉ. प्रदीप कुमार ने सदर विधायक से ज्ञापन लिया तथा उन्हें वापस भेज दिया गया। उधर नौगावां सादात के गांव कैलबकरी में सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव के आवास पर भी सपाइयों का जमावड़ा हो गया था। लगभग 11 बजे जब वह रामपुर के लिए निकले तो पुलिस ने रोक लिया। वहां भी सपाइयों ने नारेबाजी की। कुल मिलाकर पुलिस ने जिले से सपाइयों को रामपुर नहीं जाने दिया।

## पेड़ से टकराई थार, एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

**जैंतगढ़ (पश्चिमी सिंहभूम)।** ओडिशा के चंपुआ थाना क्षेत्र स्थित रजिया के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-20 पर बुधवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, पश्चिमी सिंहभूम जिले के जैंतगढ़ थाना क्षेत्र के सिजुकला गांव निवासी त्रिलोचन आपाट को बुधवार रात अचानक पेट में तेज दर्द की शिकायत हुई। परिजन उन्हें उपचार के लिए थार वाहन से चंपुआ अस्पताल ले जा रहे थे। वाहन में उनके बेटे रंजीत आपाट, पत्नी कोईफुलो आपाट तथा रिश्तेदार भास्कर आपाट भी सवार थे।

## बारिश से सूरत-मुंबई रेल सेवा ठप, कई सड़कें बंद

**गांधीनगर।** गुजरात के कई हिस्सों में भारी बारिश गिर रही है। स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (SEOC) द्वारा 23 जुलाई 2026 को सुबह 6:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक के जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, राज्य के दक्षिण गुजरात क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई है। बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें तो सूरत जिले का उमरपाड़ा तालुका सबसे अधिक प्रभावित रहा, जहां सुबह 6:00 से दोपहर 12:00 बजे के बीच कुल 283 मिलीमीटर (11.14 इंच) बारिश दर्ज की गई। वलसाड जिले के उमरगाम में भी कुदरत का कहर देखने को मिला, जहां 251 मिलीमीटर (9.88 इंच) वर्षा हुई।

# कटिहार में भी छात्रों का प्रदर्शन, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

● रांची में बीजेपी कार्यालय पर कांग्रेस का प्रदर्शन





**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने डीएम ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने डीएम ऑफिस का गेट जाम करने की कोशिश की और समाहरणालय को घेरने का भी प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने बल का प्रयोग लाठीचार्ज किया और प्रदर्शनकारियों को पीछे खदेड़ा। प्रदर्शनकारियों के बीच कुछ उपद्रवियों ने पुलिस पर पत्थरबाजी कर दी, जिसमें सदर सीओ के घायल होने की सूचना है। छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर डीएम आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि यदि कोई असंतुष्ट है, तो वे संवैधानिक और कानूनी माध्यमों से अपने विचार रख सकते हैं। यदि कोई सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाता है या बिना अनुमति के गैरकानूनी तरीके से विरोध प्रदर्शन करता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर रांची में भी गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से बीजेपी कार्यालय के निकट प्रदर्शन किया गया। इस दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

# सीजेपी ने ठुकराया बातचीत का प्रस्ताव



● सरकार का दावा, कहा-अब हमारे पास क्या विकल्प है?

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (सी-जेपी) को बातचीत जारी रखने का प्रस्ताव दिया गया। लेकिन सीजेपी के नेतृत्व ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। समाचार एजेंसी एएनआई ने सरकार के सत्रों के हवाले से गुरुवार को यह जानकारी दी। कॉकरोच जनता पार्टी (सी-जेपी) की मुहिम से जुड़े युवा एकजुट होकर भारत की शिक्षा प्रणाली पर चर्चा और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। धर्म, जाति, दल और विचारधारा के मुद्दे पीछे हट गए और लगभग पूरा देश सीजेपी की मुहिम से जुड़ता दिख रहा है। 25 दिन से अनशन कर रहे लद्दाख के शिक्षाविद और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि अगर आंदोलन करने वाले युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाते हैं तो वे प्रदर्शनकारियों से अपील करेंगे कि अपने आंदोलन को अभी के लिए टाल दें। सरकार से बात शुरू करें। सोनम वांगचुक के बयान में नरमी सी दिखती है।




# बाढ़ में बह गयी गृहस्थी अब छतों पर आसरा

## बारिश ने मचायी तबाही, उफनाई नदियां निगल रहीं गांव

● बह गयीं सड़कें, ढह गये कच्चे मकान

● मगरमच्छों ने भी फैलायी दहशत

**लखनऊ।** यूपी में पिछले 10 दिनों से हो रही बारिश के चलते गंगा, यमुना समेत 10 नदियां उफान पर हैं। लखीमपुर खीरी में शारदा नदी का पानी गांवों में घुस गया है। कई गांव टापू बन गए हैं। कई सड़कें बह गई हैं। लोगों की रातें छतों पर गुजर रही हैं। जिनके कच्चे मकान हैं, वे घर छोड़कर हाईवे पर रहने को मजबूर हैं। नदी किनारे तेजी से कटान हो रहा है। पेड़ और मिट्टी नदी में समा रही है। उधर, गोंडा में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। 12 से ज्यादा गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। महराजगंज में तालाब में मगरमच्छ दिखने से गांव में दहशत का माहौल है। गुरुवार सुबह से लखनऊ, कानपुर समेत 50 से ज्यादा शहरों में बादल छाए हैं। ठंडी हवाएं चल रही हैं। आज सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट है। तेज हवाएं चल सकती हैं।



### जम्मू-कश्मीर में 31 की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में चार दिन से हो रही वर्षा से अधिकतर जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। चिनाब नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और तवी समेत अन्य नदी-नाले भी उफान पर हैं। चार दिन में मरने वालों की संख्या 31 हो गई है।

### असम में 41 की जान गयी

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ का कहर जारी है। राज्य के ग्यारह ज़िले भीषण बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे साढ़े छह लाख लोग प्रभावित हुए हैं। पिछले चौबीस घंटों के भीतर 41 लोगों की जान चली गई है, आने वाले दिनों में और भारी बारिश की चेतावनी दी गयी है।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 31.8°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 23 जुलाई, बृहस्पतिवार, 2026 (2)





# दस सेमी की रफ्तार बढ़ रहीं गंगा

## तटवर्ती इलाकों में लोग जुटे सुरक्षित ठिकानों की तलाश में

● जल्दी ही टूट जाएगा घाटों का सम्पर्क मार्ग

● हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार बैठा है प्रशासन!


फाइल फोटो

**वाराणसी।** काशी में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे हल्की बारिश हुई। यहां पिछले 24 घंटे में 10.4 से 11 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं गंगा का जलस्तर 60.97 मीटर दर्ज किया गया। अनुमानतः दस सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। बढ़ते जलस्तर की वजह से घाट किनारे स्थित 50 से अधिक छोटे-बड़े मंदिरों में पानी घुस गया है। तटवर्ती इलाकों में पलायन शुरू हो गया है। लोग घर-बार छोड़कर सुरक्षित ठिकानों में आश्रय लेने का मन बना रहे हैं। मवेशियों को सुरक्षित ले जाना भी लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। अब तक की आयी बाढ़ों का कटु अनुभव और कठोर स्मृतियां जेहन में ताजा हो गयी हैं। हालांकि अभी प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं तथा स्थानीय लोगों की आवाजाही जारी है। लेकिन जिस रफ्तार से गंगा में पानी बढ़ रहा है उससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता कि आने वाले दो-चार दिनों में ही आवागमन बाधित हो जाएगा। प्रशासन लगातार जलस्तर पर नजर बनाए हुए है। आज सुबह धूप निकली। फिर करीब 10 बजे के बाद तेज हवा के साथ बादल छा गए। इसके बाद सुबह करीब 11 बजे बारिश हुई। शहर का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की गति लगभग 8 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जबकि वातावरण में 70 प्रतिशत नमी बनी रही। आसमान में हल्के बादल छाए रहे और बीच-बीच में धूप निकलने के साथ हल्की बारिश तथा तेज हवाएं चलती रहीं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मानसून की द्रोणी लगातार दक्षिण की ओर खिसक रही है। इसके चलते मानसूनी सक्रियता का मुख्य क्षेत्र पश्चिम और मध्य भारत की ओर स्थानांतरित हो गया है। इसका असर उत्तर प्रदेश पर भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई तक प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां अपेक्षाकृत कमजोर रह सकती हैं। इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, लेकिन फिलहाल किसी प्रकार की मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है। हालांकि 26 जुलाई के बाद मानसूनी गतिविधियों में फिर तेजी आने के संकेत हैं।




# का.हि.वि.वि. के 110 छात्र डाले गए काली सूची में, 57 निलंबित

● प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने से पहले बड़ी कार्रवाई



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने से पहले अनुशासनहीनता, हिंसा और गंभीर अपराधों में संलिप्त 110 छात्रों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विश्वविद्यालय ने इन छात्रों को ब्लैकलिस्ट करते हुए विभिन्न स्तरों पर दंडित किया है। प्रशासन का कहना है कि कार्रवाई का उद्देश्य परिसर में अनुशासन, सुरक्षा और शैक्षणिक माहौल बनाए रखना है। कुलसचिव कार्यालय की ओर से जारी सूची के अनुसार 36 छात्रों को भविष्य में बीएचयू के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश और विश्वविद्यालय में नौकरी के लिए स्थायी रूप से डिबार कर दिया गया है। वहीं 57 छात्रों को निलंबित, आठ के परिसर में प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है, जबकि अन्य छात्रों के खिलाफ निष्कासन समेत अलग-अलग अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक, यह कार्रवाई अलग-अलग वर्षों में हुई गंभीर घटनाओं में छात्रों की संलिप्तता के आधार पर की गई है। इनमें एंबुलेंस चालक के अपहरण, छात्रावासों में तोड़फोड़, विश्वविद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, मुख्य द्वार और कुलपति आवास पर उग्र प्रदर्शन, मारपीट तथा छात्राओं से जुड़े गंभीर मामलों जैसी घटनाएं शामिल हैं।

# कीनाराम स्थल पर धूमधाम से मनाया जाएगा गुरुपूर्णिमा




● 29 जुलाई को प्रातःकाल 8.30 बजे से शुरू हो जाएगा आयोजन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** गुरु-शिष्य परमपरा' का पावन पर्व गुरु-पूर्णिमा 29 जुलाई बुधवार को बड़े ही धूमधाम से अघोड़ पीठ बाबा कीनाराम स्थल, क्रीकुण्ड पर परमपरागत ढंग से मनाया जायेगा। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्त सद्गुरु का दर्शन, पूजन कर तथा आशीर्वचन सुनकर कृतार्थ होंगे। इस पावन पर्व का शुभारम्भ प्रातःकालीन आरती के उपरान्त श्रमदान एवं सफाई के कार्यक्रम तथा प्रभातफेरी के साथ होगा उसके बाद प्रातः 8.30 बजे से पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम द्वारा समस्त अघोरेश्वर की समाधियों का पूजन एवं दर्शन किया जाएगा। तत्पश्चात् 9.30 बजे से श्रद्धालुओं के लिए पूज्य पीठाधीश्वर का दर्शन-पूजन प्रारभ हो जायेगा और दोपहर 12 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। सायंकाल 4 बजे से गोष्ठी एवं पीठाधीश्वर आशीर्वचन होगा और सायं 7.30 बजे से सायंकालीन आरती प्रारम्भ होने के उपरान्त रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न होगा जो मध्य रात्रि तक चलेगा।

## सावन की तैयारी में रेलवे स्टेशनों पर बढ़ी गहमागहमी

**वाराणसी।** सावन माह में बाबा विश्वनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए काशी आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। वाराणसी रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा, स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं और यात्री सुविधाओं को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके। स्टेशन डायरेक्टर अर्पित गुप्ता ने बताया कि सावन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए स्टेशन परिसर के सभी खान-पान स्टॉलों पर केवल शुद्ध शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। पूरे सावन माह में स्टेशन परिसर में नॉन-वेज खाद्य पदार्थों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इसके साथ ही स्टेशन पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और 24 घंटे तीनों शिफ्टों में सफाईकर्मी तैनात रहेंगे, ताकि परिसर पूरी तरह साफ-सुथरा बना रहे।

## शहर में उत्पात मचा रहे विदेशी को मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया

**वाराणसी।** तीन दिन पहले शहर में उत्पात मचाने वाले इटली के एक विदेशी नागरिक को पुलिस ने बुधवार को मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार, जब वह शहर में हंगामा कर रहा था, तब कुछ लोगों ने उसे लाठी-डंडे से काबू कर शांत कराया। इसके बाद वह किसी तरह बड़ागांव थाना क्षेत्र में पहुंच गया। वहां से पुलिस ने उसे उपचार के लिए कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल ले जाया। अस्पताल में उसने आदमपुर थाना क्षेत्र के एक चौकी में भी उत्पात मचाया। पुलिस की परेशानियों को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विदेशी नागरिक को पांडेयपुर स्थित मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। मानसिक चिकित्सालय के निदेशक डाक्टर सी.पी. मल्ल ने बताया कि आदमपुर पुलिस ने विदेशी नागरिक को कबीरचौरा अस्पताल से यहां लाया। फिलहाल उसका उपचार चल रहा है। गुरुवार को भी उसका इलाज डाक्टरों की एक टीम द्वारा किया जा रहा है।

# धर्म के ओट में धंधे पर चोट

● नॉनवेज के व्यवसायियों ने कारोबार बंद रखकर सरकारी रीति-नीति का किया विरोध




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी नगर निगम द्वारा मीट एवं मछली की दुकानों को शहर से बाहर स्थानांतरित करने के प्रस्तावित निर्णय के विरोध में बुधवार, 22 जुलाई को आयोजित एक दिवसीय मीट-मछली रोजगार बंदी का पूरे वाराणसी शहर में व्यापक और ऐतिहासिक असर देखने को मिला। शहर के सभी प्रमुख बाजारों और मंडियों में मीट एवं मछली की दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। पूरे शहर में व्यापारियों ने एकजुट होकर सरकारी नीति का पुरजोर विरोध किया और इस धर्म के नाम पर धंधा बिगाड़ने की साजिश बताया। व्यवसायियों ने कहा कि सभी संबंधित पक्षों से व्यापक संवाद किए बगैर दुकानों को शहर से बाहर स्थानांतरित करना अन्यायपूर्ण है। इससे हजारों परिवारों की आजीविका पर संकट के बादल छा जाएंगे। यदि नगर निगम शीघ्र इस निर्णय को वापस नहीं लेता तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। बंदी में दिनेश चौहान, अंकित कमाल, अहमद मोबिन मीरा, चरणजीत सतनाम सिंह, जितेंद्र, दिनेश कुमार, सुमित सोनकर, सूफियान कुरैशी, मोनू सोनकर, सुनील सोनकर, बाबू, संतोष सोनकर, इरफान, अनिल, प्यारेलाल, शाहरुख, अजीज अहमद, रशीद, मेराज ह्यूजीफा, त्रिदेव सोनकर, बुल्लु सोनकर, संजीव सिंह, मनीष शर्मा, धनञ्जय त्रिपाठी, आजाद गौतम, रामजनम, दिवाकर सिंह आदि शामिल रहे।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत मामले में पति समेत पांच पर एफआईआर



**वाराणसी।** पांडेयपुर के माछौरा नगर कॉलोनी में विवाहिता ममता चौहान की संदिग्ध हाल में मौत के मामले में कैंट पुलिस ने मां की तहरीर पर पति समेत पांच नामजद के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की है। मऊ के मधुबन थाना क्षेत्र के रमऊपुर निवासी पीड़िता शर्मिला देवी ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी ममता चौहान की शादी 10 दिसंबर 2024 को अमित चौहान से हुई थी। शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग बुलेट, नकदी और गहनों की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। मांग पूरी न होने पर जान से मारने की धमकी भी देते थे। आरोप है कि मंगलवार दोपहर दो बजे पति अमित चौहान, सास शीला, एक ननद और मामा के दो बेटों रवि और भोलू ने मिलकर ममता की हत्या कर दी। सूचना शाम 4.30 बजे मिली। रात 9.30 बजे उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कैंट इंस्पेक्टर ने बताया कि मां शर्मिला की तहरीर के आधार पर पति समेत पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## पीएनजी से जलेंगे रेलकर्मियों के चूल्हे

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के कर्मचारी आवास में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की आपूर्ति होगी। इस बाबत रेलवे प्रशासन एवं गेल इंडिया लिमिटेड के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन उपस्थित रहे।

## विद्यापीठ में बीए की सभी सीटें फुल, LLB में 54 अभ्यर्थियों ने लिया प्रवेश




**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में BA की सभी नियमित सीटें फुल हो गयी हैं। जबकि BA-LLB की काउंसलिंग में 54 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। वहीं, बीकॉम. में अब तक कुछ 149 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। प्रवेश सेल के उप समन्वयक प्रो. नलिनी श्याम कामिल ने बताया कि सभी विद्यार्थियों के ऑनलाइन शुल्क जमा करने के बाद परिचय पत्र एवं लाइब्रेरी कार्ड काउंसलिंग स्थल पर ही प्रदान किया गया। प्रो. कामिल ने बताया कि आज 23 जुलाई को BBA की काउंसलिंग शिक्षा शास्त्र संकाय भवन में हुई। मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है, अभ्यर्थी उसका अवलोकन कर गेट पास डाउनलोड कर सकता है। अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के उपरान्त निर्धारित शुल्क उसी दिन ऑनलाइन जमा करना होगा। जानकारी के लिये अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें क्योंकि प्रवेश काउंसलिंग से सम्बन्धित सूचनाएं विश्वविद्यालय के बेबसाइट पर प्रदर्शित की जा रही है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : NER-BSB0SnT-OT-34-2026**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांक :** 1, **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम : NER-BSB0SnT-OT-34-2026 कार्य का नाम :** औड़िहार जंक्शन स्टेशन वाराणसी मंडल पर कोच गाइडेंस सिस्टम की स्थापना, **अनुमानित लागत :** ₹ 3,28,49,362.47, **बयाना की राशि :** ₹ 6,57,000.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत :** ₹ 00.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 180 दिन, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय :** 14.08.2026 को 15:00 बजे।

**1.** ई-निविदा दिनांक 14.08.2026 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा किया जा सकेगा। **2.** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार**
**मुजाधि/सिगनल-70 पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी**
**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

# विकास को विरासत और परंपरा के साथ चलना होगा

## काशी जेसीज़ चैरिटेबल ट्रस्ट की नयी पहल

● विकसित भारत के निर्माण में काशी की भूमिका' विषय पर प्रथम राउंड टेबल मीट सम्पन्न



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी जेसीज़ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्रथम राउंड टेबल मीट सिगरा स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। ट्रस्ट की इस अभिनव पहल का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों, विचारकों, शिक्षाविदों, उद्योगपतियों एवं सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं को एक मंच पर लाकर समसामयिक विषयों पर सार्थक संवाद स्थापित करना तथा उनसे प्राप्त सुझावों को समाज एवं नीति-निर्माताओं तक पहुँचाना है। इस अवसर पर नगर के प्रख्यात आर्किटेक्ट एवं टाउन प्लानर श्याम लाल सिंह, पत्रकार एवं लेखक विश्वनाथ गोकर्ण, उद्योगपति राजीव जैपुरिया तथा 'सुबहे बनारस' के संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने विषय पर आपस में विस्तार से चर्चा की, अपने अनुभव साझा किये और भविष्य की राह दिखाई। प्रारम्भ में अपने स्वागत उद्बोधन में समिति अध्यक्ष सीए पी. के. अग्रवाल ने राउंड टेबल मीट की अवधारणा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंच किसी औपचारिक कार्यक्रम का नहीं, बल्कि गंभीर विचार-विमर्श, समाधान खोजने तथा समाज के लिए उपयोगी कार्यबिंदु तैयार करने का प्रयास है। ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी और बैठक के मॉडरेटर अनिल के. जाजोदिया ने विषय प्रस्तावना में कहा काशी केवल एक नगर नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, ज्ञान, अध्यात्म और जीवन-दर्शन की वैश्विक पहचान है। यह केवल आर्थिक प्रगति का लक्ष्य नहीं है, बल्कि सामाजिक समावेशन, सांस्कृतिक संरक्षण, तकनीकी नवाचार, पर्यावरणीय संतुलन तथा नागरिक सहभागिता पर आधारित एक समग्र विकास दृष्टि है।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

## देवरिया समाचार

### सरयू ने बजाई खतरे की घंटी, चेतावनी बिंदु पार



**भागलपुर।** तुर्तीपार गेज पर सरयू नदी ने बुधवार को चेतावनी बिंदु पार कर तटवर्ती क्षेत्र के लोगों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। नदी अब तेजी से खतरे के निशान की ओर बढ़ रही है। इस साल पहली बार उग्र हो रही सरयू के तेवर से तटवर्ती गांवों के लोग सहमे हुए हैं। प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। सरयू का जलस्तर केंद्रीय जल आयोग के तुर्तीपार गेज पर बुधवार की शाम 63 मीटर 30 सेंटीमीटर रिकॉर्ड किया गया। तेज बढ़ाव के साथ नदी का जलस्तर यहां चेतावनी बिंदु 63 मीटर 10 सेमी से 20 सेमी ऊपर पहुंच गया। नदी अब खतरे के निशान 64 मीटर 10 सेमी से 80 सेमी नीचे बह रही है। पिछले 24 घंटे में जलस्तर में 70 सेमी की वृद्धि हुई है। क्षेत्रीय ग्रामीण बृजभूषण यादव, रोशन यादव, कृष्णमोहन निषाद, अनिल निषाद, पूनम बर्नवाल आदि का कहना है कि नदी का जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो तबाही मचना तय है। उधर बाढ़ के मद्देनजर क्षेत्र के नाव और नाविकों की सूची तैयार की जा रही है। पुलिस ने बुधवार को दो दर्जन नावों और उनके चालकों का पता नोट किया और नावों पर पेंट से नंबर दर्ज कराया।

## भदोही समाचार

### जिलाधिकारी ने 10 एमएफडी टीकाकरण वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से पशुओं के टीकाकरण के आठवें चरण का शुभारंभ किया।

पशुओं को खुरपका मुंहपका (एफएमडी) जैसी संक्रामक एवं आर्थिक दृष्टि से अत्यंत हानिकारक बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से लगने वाले टीके के लिए उन्होंने 10 टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाई। 45 दिवसीय अभियान के दौरान 2.18 लाख गोवंश, महिषवंशीय पशुओं को पशुकर्मी गांव-गांव जाकर टीका लगाने का कार्य पूरा करेंगे। इसके लिए 15 दिवसीय टीम गठित है। जिलाधिकारी ने कहा कि पशुधन किसानों एवं पशुपालकों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है।

## चंदौली समाचार

### राज्य महिला आयोग ने की जनसुनवाई, महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश



**चंदौली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बुधवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची महिलाओं और बालिकाओं ने अपनी समस्याएं आयोग के समक्ष रखीं। सदस्य ने शिकायतों की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा तथा भूमि एवं संपत्ति विवाद से जुड़े मामलों की शिकायतें सामने आईं। राज्य महिला आयोग की सदस्य ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई से पूर्व सुनीता श्रीवास्तव ने सिकरी गांव पहुंचकर जन चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण महिलाओं और स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं के कल्याण के लिए संचालित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक पारदर्शी ढंग से पहुंचे तथा उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।


## सुल्तानपुर समाचार

### चलती कार पर गिरा पेड़, दो बच्चे घायल, हाईवे पर एक घंटे का जाम

**गोसाईंगंज।** अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कटका बाजार के पास बुधवार की शाम सड़क किनारे स्थित जामुन का पेड़ अचानक चलती कार पर गिर पड़ा। दुर्घटना में कार सवार दो बच्चे मामूली रूप से घायल हो गए, जबकि एक ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। मुख्य मार्ग पर पेड़ पर गिरने से करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने पेड़ को कटवाकर यातायात बहाल करवाया। अयोध्या जिले के कोतवाली नगर के ठठेरिया निवासी नूर बाबू बुधवार शाम करीब चार बजे परिवार के साथ कार से सुल्तानपुर की ओर जा रहे थे। कटका बाजार के पास पहुंचते ही सड़क किनारे खड़ा जामुन का पेड़ अचानक उनकी कार पर गिर पड़ा।

## आजमगढ़ समाचार

### सबसे उम्रदराज सपा विधायक आलमबदी का निधन



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण अध्याय का अंत हो गया है। समाजवादी पार्टी के एक कद्दावर नेता और आजमगढ़ जिले की निजामाबाद सीट से पांच बार विधायक रहे आलमबदी आजमी का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे आजमी ने अपने गृह जनपद आजमगढ़ में अंतिम सांस ली। आलमबदी आजमी को उनकी सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता था। उनके निधन की खबर से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में गहरा दुख व्याप्त है। उनके निधन की जानकारी उनके सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से दी गई। 16 मार्च 1936 को आजमगढ़ में जन्मे आलमबदी आजमी ने अपना जीवन सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने 1953 में इस्लामिया कॉलेज, गोरखपुर से 12वीं की शिक्षा पूरी की और 1956 में टेक्निकल इंस्टीट्यूट, गोरखपुर से इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया। राजनीतिक जीवन की बात करें तो, आलमबदी आजमी ने 1996 से 2007 तक निजामाबाद विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने कई बार अपने प्रतिद्वंद्वियों को करारी शिकस्त दी, जिनमें अंगद यादव भी शामिल थे।

## बलिया समाचार

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**इंदरपुर।** नगरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे के दौरान घायल हुए रामनाथ राजभर (55) की बीएचयू वाराणसी ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष संजय मिश्र ने बताया कि सिसवार कलां निवासी अरविंद राजभर ने दी तहरीर में बताया कि 21 जुलाई को पिता रामनाथ राजभर का बछईपुर से हर्निया का इलाज कराकर बाइक से घर आ रहे थे। इंग्लिशिया खनवर नवादा की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही मोटरसाइकिल ने मेरी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में पिता रामनाथ राजभर घायल हो गए। पहले मैं पिता को प्राथमिक उपचार के लिए बछईपुर ले गया। इसके बाद हालत गंभीर होने पर बीएचयू ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। चालक की तलाश की जा रही है।

## प्रयागराज समाचार

### परिषदीय विद्यालयों के 31,685 सरप्लस घोषित शिक्षक 27 तक दाखिल कर सकेंगे आपत्ति: हाईकोर्ट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में तैनात 31,685 सरप्लस घोषित शिक्षकों को 27 जुलाई तक संबंधित बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय में आपत्ति दाखिल करने की अंतिम मोहलत दे दी है। स्पष्ट किया है कि सरप्लस घोषित ऐसे शिक्षक जिन्हें सूची में दर्ज आंकड़ों, वरिष्ठता या चयन प्रक्रिया पर आपत्ति है, उन्हें ऑफलाइन आपत्ति जमा करने के बाद उसकी रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगा। साथ ही आपत्ति की प्रति बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव को स्पीड पोस्ट से भी भेजनी होगी, ताकि उस पर विचार किया जा सके। यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने चंदौली के सौरभ कुमार सिंह की विशेष अपील पर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जिलों से प्राप्त आपत्तियां एक अगस्त तक बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव को भेजी जाएंगी। इसके बाद व्यक्तिगत या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई होगी। 10 अगस्त से स्कूल, ब्लॉक और जिला स्तर पर संशोधित रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। अगली सुनवाई पांच अगस्त को होगी। सरकार ने आठ अलग-अलग प्रारूपों में सूची जारी कर 31,685 शिक्षकों को सरप्लस चिह्नित किया है। इन शिक्षकों का समायोजन ऐसे विद्यालयों में किया जाना प्रस्तावित है, जहां शिक्षक नहीं हैं या केवल एक है। इसके खिलाफ प्रभावित शिक्षकों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

शिक्षकों की ओर से दलील दी गई कि कई विद्यालयों में वरिष्ठ शिक्षकों को सरप्लस घोषित किया जा रहा है, जबकि उनसे जूनियर शिक्षक वहीं तैनात हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि यदि किसी विद्यालय में पिछले पांच वर्षों के भीतर नियुक्त जूनियर शिक्षक कार्यरत हैं तो वरिष्ठ शिक्षक को सरप्लस घोषित किए जाने पर आपत्ति की जा सकती है। वहीं, पांच साल से अधिक समय पहले नियुक्त शिक्षकों के मामलों में फर्स्ट कम, फर्स्ट गो (वरिष्ठता के क्रम) का सिद्धांत लागू रहेगा, जैसा कि एकल पीठ ने अपने 22 मई 2026 के आदेश में निर्धारित किया था।

## गाजीपुर समाचार

### हर पात्र का बने आयुष्मान कार्ड, बिना पंजीकरण अस्पताल न चलें : डीएम

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इसमें डीएम ने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्ड निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग समन्वय के साथ अभियान चलाकर लक्ष्य पूरा करें। डीएम ने आशा कार्यकर्ताओं के लंबित व नियमित भुगतान समयबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी एम्बुलेंसों पर उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं और शिकायत हेल्पलाइन का विवरण अंकित करने, एम्बुलेंस के अंदर साफ-सफाई बनाए रखने तथा सभी सरकारी अस्पतालों व सीएचसी में पर्याप्त स्ट्रेचर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## गोरखपुर समाचार

### प्रेमसागर को शराब पिलाकर नशे में किया, फिर ले गए सूनसान जगह; रॉड-डंडों से पीटकर की थी हत्या



**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र में प्रेमसागर यादव (30) की हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का पर्दाफाश कर दिया। जांच में सामने आया कि तीन माह पहले शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद और थप्पड़ मारने की घटना का बदला लेने के लिए दो दोस्तों ने सुनियोजित तरीके से हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों की पहचान संतकबीरनगर के खलीलाबाद थाना क्षेत्र के रावतपुर निवासी अखिलेश यादव (20), अजीत कुमार यादव उर्फ सिंटू (40) और मामतपुर कठर निवासी सुधीर यादव (21) के रूप में हुई। इनमें अखिलेश और अजीत, प्रेमसागर के करीबी दोस्त थे। साजिश के तहत पहले प्रेमसागर को शराब पिलाकर नशे में किया गया फिर सुनसान स्थान पर ले जाकर रॉड और डंडे से हमला किया गया। आरोपियों ने प्रेमसासगर को मृत समझकर सड़क किनारे छोड़ दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। 19 जुलाई की सुबह बैजलपुर ग्राम पंचायत भवन के पास सड़क किनारे प्रेमसागर अचेत अवस्था में मिले थे। परिजन उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां सोमवार सुबह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रेमसागर के पिता ज्ञानेंद्र यादव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी नॉर्थ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि करीब तीन माह पहले शराब पार्टी के दौरान प्रेमसागर और उसके दोस्त अखिलेश व अजीत के बीच कहासुनी हो गई थी।

## जौनपुर समाचार

### पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 30वें दीक्षांत समारोह की तैयारियाँ अंतिम चरण में



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक बुधवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में दीक्षांत से जुड़ी सभी उपसमितियों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। कुलपति ने परिसर की व्यापक स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और अनुशासित व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए सभी विभागों व छात्रावासों में सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के गौरव का प्रतीक है, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी टीम भावना व आपसी समन्वय के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करें।

## मीरजापुर समाचार

### डगमगपुर स्टेशन के पास किन्नर का शव मिला:हत्या कर पहचान छिपाने की आशंका



**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के डगमगपुर रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार को एक अज्ञात किन्नर का शव बरामद हुआ। शव रेलवे ट्रैक और राष्ट्रीय राजमार्ग (NH 135) के समीप रेलवे बाउंड्री के भीतर पोल संख्या 165/3 के पास पत्थरों से दबाकर छिपाया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने पोल संख्या 165/3 के पास पत्थरों के बीच संदिग्ध स्थिति में शव देखा, जिसके बाद उन्होंने पड़री थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पत्थर हटाए तो किन्नर का शव मिला। मृतका के चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान हैं, जिससे प्रथम दृष्टया हत्या कर पहचान छिपाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन/नगर) नितेश सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर जटाशंकर मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट्स और खून के नमूने सहित कई महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस मृतका की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। पुलिस के अनुसार, मृतका ने हल्के क्रीम रंग का सूट-सलवार और काला छीटदार दुपट्टा पहना हुआ था। उसके हाथ की उंगलियों में अंगूठियां और पैरों में पायल व कौड़ी मिली हैं। चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान हैं।

### काम से घर लौट रहे मजदूर की बाइक की टक्कर से मौत

**लालगंज।** थाना क्षेत्र के चरखी मोड़ पर मंगलवार देर शाम सात बजे सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से राजबली विश्वकर्मा (38) से मौत हो गई। दुबार खुर्द गांव निवासी राजबली पल्लेदारी का काम करता था। मंगलवार को काम समाप्त कर वह घर जा रहा था। थानाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि चरखी मोड़ पर पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। सिर पर गंभीर चोट आई। मौके पर पहुंचे लोगों ने एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लालगंज पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मिर्जापुर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया। राजबली पांच भाइयों में चौथे नंबर पर थे। परिवार में बेटी पुष्पा और पुत्र विकास हैं।

## सोनभद्र समाचार

### माननीय प्रभारी मंत्री डॉ. हंसराज विश्वकर्मा ने कनहर सिंचाई परियोजना का किया निरीक्षण



**सोनभद्र।** जनपद के माननीय प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हंसराज विश्वकर्मा जी ने अमवार पहुंचकर निर्माणाधीन कनहर सिंचाई परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया तथा परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। इसके उपरांत उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर परियोजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कनहर सिंचाई परियोजना का कार्य अति शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। माननीय प्रभारी मंत्री ने परियोजना से प्रभावित विस्थापित परिवारों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा अनुमन्य सुविधायें प्रत्येक लाभार्थी तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाई जाएं। इस दौरान माननीय प्रभारी मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दूद्धी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने, मरीजों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सभी उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराने तथा जर्जर भवनों की आवश्यक मरम्मत शीघ्र कराने के निर्देश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## मऊ समाचार

### घोसी में पोखरी में डूबकर मजदूर की मौत



**मऊ।** जिले के घोसी कोतवाली क्षेत्र के नदवासराय गांव में गुरुवार सुबह एक मजदूर की पोखरी में डूबने से मौत हो गई। 46 वर्षीय लवकुश गोंड हाथ धोने के लिए गांव स्थित पोखरी पर गए थे, जहां पैर फिसलने से वह गहरे पानी में जा गिरे। जानकारी के अनुसार, नदवासराय निवासी लवकुश गोंड पुत्र स्वर्गीय संता गोंड गुरुवार सुबह करीब 9 बजे गांव स्थित काली माता मंदिर के पास की पोखरी पर गए थे। आसपास मौजूद लोगों को जब तक घटना की जानकारी हुई, तब तक वह पानी में डूब चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पोखरी में तलाश शुरू की गई। करीब तीन घंटे के खोज अभियान के बाद गोताखोरों ने लवकुश गोंड का शव पोखरी से बाहर निकाला।

ग्रामीणों के अनुसार, लवकुश गोंड मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी और लगभग 12 तथा 14 वर्ष की दो बेटियां हैं। वह परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, जिससे उनकी मौत के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। सूचना मिलने पर घोसी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दोहरीघाट में हिट एंड रन में किशोरी की मौत

**मऊ।** दोहरीघाट थाना क्षेत्र में आजमगढ़ रोड पर कैलाशी देवी डिग्री कॉलेज के पास गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे में 17 वर्षीय किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक महिला और एक युवक भी घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार, नई बाजार भैंसा खरग, दोहरीघाट निवासी जवाहर (31), दुर्गावती (65) और नंदिनी (17) बाइक (UP 53 AY 5937) से गोरखपुर के बड़हलगंज दवा लेने जा रहे थे। जब उनकी बाइक कैलाशी देवी डिग्री कॉलेज के पास पहुंची, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में नंदिनी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि जवाहर और दुर्गावती गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर दोहरीघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दोहरीघाट पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद जवाहर को घर भेज दिया गया, जबकि दुर्गावती की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल मऊ रेफर किया गया।

## लाइफ मंत्र

### सावन में शिवलिंग पर तांबे के लोटे से ही जल क्यों चढ़ाया जाता है? जानिए इसके पीछे का रहस्य




हिंदू पंचांग के अनुसार, 30 जुलाई से देवों के देव का प्रिय माह सावन की शुरुआत होने वाली है। सावन का महीना शिव जी की पूजा करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बहुत खास और शुभ माना जाता है। हर कोई अपने आराध्य को प्रसन्न करने के लिए शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, दही, शहद और धतूरा अर्पित करते हैं। लेकिन अक्सर अपने बड़े-बजुर्गों को कहते हुए सुना होगा कि शिवलिंग पर हमेशा तांबे के लोटे में जल चढ़ाना चाहिए। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए तांबे का लोटा ही सबसे शुभ और उत्तम क्यों माना जाता है। तो आइए जानते हैं कि इसके पीछे के रहस्य के बारे में-

**तांबे का लोटा ही क्यों माना जाता है शुभ?**

मान्यताओं के अनुसार, तांबे को एक बेहद पवित्र और शुद्ध धातु माना गया है। तांबे के पात्र से जल चढ़ाने से पूजा का फल कई गुना बढ़ जाता है। शिव पुराण के अनुसार, तांबे के लोटे से जल अर्पित करने से भगवान शिव अति प्रसन्न होते हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

**वैज्ञानिक रहस्य**

विज्ञान के अनुसार, तांबा बिजली और ऊर्जा का सबसे बेहतरीन सुचालक है। शिवलिंग से लगातार अदृश्य ऊर्जा तरंगें निकलती रहती हैं। जब तांबे के पात्र से जल शिवलिंग पर गिरता है, तो तांबा और जल मिलकर उस तीव्र ऊर्जा को संतुलित करते हैं, जिससे आसपास का वातावरण शांत और सकारात्मक हो जाता है। तांबे में प्राकृतिक रूप से एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं।

तांबे के बर्तन में रखा पानी पूरी तरह शुद्ध और चार्ज हो जाता है। ऐसे शुद्ध जल से महादेव का अभिषेक करना सबसे उत्तम माना गया है।

## 'आजाद' रहे और 'आजाद' ही मरे, वो वीर जिसे जीते जी कोई नहीं पकड़ सका



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का 23 जुलाई को जन्म हुआ था। आजाद अपने सभी क्रांतिकारी साथियों में प्रिय साथी के रूप में जाने जाते थे। आजाद ने खुद को वचन दिया था कि वह जीते जी अंग्रेज के हाथ नहीं आएंगे। 23 जुलाई को चंद्रशेखर आजाद का जन्म हुआ था। चंद्रशेखर आजादी के ऐसे दीवाने थे कि नाम के आगे भी आजाद लगा लिया। चंद्रशेखर आजाद से अंग्रेज थर-थर कांपते थे। वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे चर्चित क्रांतिकारियों में थे। वह साहसी और तेज निर्णय लेते थे। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर चंद्रशेखर आजाद के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले के भाबरा गांव में 23 जुलाई 1906 को चंद्रशेखर का जन्म हुआ था। वह एक ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखते थे। उन्होंने कम उम्र में अपने देश प्रेम के बारे में परिवार को बता दिया था। आजाद का निशाना काफी सटीक था। इसके पीछे बचपन का अभ्यास, धैर्य, मजबूत शरीर, सतर्कता और कठिन परिस्थितियों में शांत रहने की क्षमता थी।

**पास रखते थे पिस्तौल और गोलियां**

जब आजाद क्रांतिकारी आंदोलन से जुड़े, तो परिस्थितियां बदल गईं। अंग्रेजी शासन के खिलाफ उनका संघर्ष बेहद कठिन था। पुलिस, खुफिया तंत्र और सरकारी बल लगातार क्रांतिकारियों की खोज में रहते थे। इस स्थिति में क्रांतिकारियों को अपनी रक्षा करनी होती थी। इसलिए आजाद ने अपने साथ तीर-कमान और पिस्तौल और गोलियां रखना शुरू किया।

**आजाद की दो ख्वाहिश**

देश को आजाद कराने के लिए चंद्रशेखर आजाद रूस जाकर स्टालिन से मिलना चाहते थे। लेकिन रूस की यात्रा के लिए उनके पास पर्याप्त रुपए नहीं थे। वहीं उनकी दूसरी ख्वाहिश थी कि अपने साथी क्रांतिकारी भगत सिंह को फांसी से बचाना चाहते थे।


**वाराणसी में बने 'आजाद'**

साल 1921 में जब जलियांवाला बाग की घटना ने देशवासियों के अंदर आक्रोश भर दिया था। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ गांधी जी ने असहयोग आंदोलन छेड़ दिया था। क्रांतिकारियों के गढ़ बनारस में छात्रों का एक गुट विदेशी कपड़ों की दुकान के बाहर प्रदर्शन कर रहा था। तभी वहां पर पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया। तभी आजाद ने एक दरोगा के सिर पर पत्थर मार दिया। आजाद पकड़े गए और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। इस दौरान उन्होंने अपनी मां का नाम धरती, पिता का नाम स्वतंत्रता और जेल को अपना घर बताया। मजिस्ट्रेट ने उनको 15 कोड़े मारने की सजा सुनाई। जेल से बाहर आने के बाद उनकी बहादुरी की चर्चा पूरे बनारस में थी। इसके बाद एक सभा में चंद्रशेखर तिवारी का नाम चंद्रशेखर आजाद किया गया।

**नहीं आऊंगा जिंदा हाथ**

एक बार स्वतंत्रता सेनानियों की बैठक में आजाद ने कहा था कि अंग्रेज मुझे कभी जिंदा नहीं पकड़ सकते हैं। वहीं प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में 27 फरवरी 1931 को अंग्रेजों ने आजाद को घेर लिया। तब उन्होंने अंग्रेजों का जमकर सामना किया। लेकिन जब चंद्रशेखर आजाद के पास आखिरी गोली बची, तो उन्होंने अपनी कनपटी पर पिस्तौल से गोली चलाकर स्वयं को खत्म कर लिया।

# जांच समिति के सुझाव [व्यंग्य]



**चोरी अब एक सम्मानजनक व्यवसाय भी है हालांकि कई पेशों में सम्मान, अपमानित हो चुका है। राजनीति को कभी देश और समाज की सेवा स्वीकारा जाता था लेकिन अब इसकी परिभाषा बदल कर नितांत व्यावसायिक हो गई है। चोरी के साथ साथ झूठ बोलना, मारना पीटना, जान लेना, सामान ज़मीन जेवर हथियाना सहयोगी व्यवसाय हैं।**

चोरी अब एक सफल व्यवसाय हो गई है। इस क्षेत्र में काफी कुछ नया करने की संभावनाएं विकसित हो रही हैं। राजनीति की तरह, चोरी भी थोडा जोखिम भरा पेशा तो है मगर सफलता हासिल कर लो तो ज़िंदगी खुशनुमा हो जाती है।

एक बार माल इक्कठा कर लो फिर चाहे कानून के साथ खेलना पड़े। दसियों साल निकल जाते हैं ज्यादा परेशानी नहीं होती। जुगाड़ हो जाए तो बुरा समय चम्पत रहता है। इस तरह की सफलताओं से उभरते चोर भी प्रेरित होते हैं और सुविधाओं भरे अवसरों का शुद्ध लाभ कमाना सीख जाते हैं।

**अखबार**

चोरी अब एक सम्मानजनक व्यवसाय भी है हालांकि कई पेशों में सम्मान, अपमानित हो चुका है। राजनीति को कभी देश और समाज की सेवा स्वीकारा जाता था लेकिन अब इसकी परिभाषा बदल कर नितांत व्यावसायिक हो गई है। चोरी के साथ साथ झूठ बोलना, मारना पीटना, जान लेना, सामान ज़मीन जेवर हथियाना सहयोगी व्यवसाय हैं। चोरी का व्यवसाय कर रहे लोग अपने कौशल से सुरक्षा उपायों को हमेशा हराते आए हैं क्यूंकि अपना कर्तव्य जो पूरी ईमानदारी से निभाते हैं।

चोरी के मामले की कई साल तक चलने वाली, गहन तप्तीश के बावजूद कुछ बरामद हो या न हो उपाय ज़रूर किए जाते हैं। सुझाव भी तो कई तरह के उपाए ही होते हैं। कम भण्डारण क्षमता वाले घटिया सीसीटीवी बेहोश पड़े होते हैं और मरम्मत लायक भी नहीं रहते। यह तो जब चोरी या दूसरी गड़बड़ करने वालों के ग्रह खराब स्थिति में आते हैं तभी पता चलता है। ऐसे मामलों में सबसे पहला ज़रूरी उपाय जांच होता है। एक बंदा तो ऐसे मामलों की जांच भी नहीं कर पाता इसलिए कई बार तीन समितियां बनानी पड़ती हैं तब जांच तेज़ी से हो पाती है। कई दर्जन पृष्ठों में विस्तार से बनी रिपोर्ट पढनी आसान और समझनी मुश्किल होती है तभी उसके लिए बुद्धिमान व्यक्ति अलग से लगाए जाते हैं।

**अपराध और न्याय**

जांच समिति उपदेश देती है कि सबसे पहले नोट गिनने वालों के लिए ड्रेस कोड लागू किया जाए। मतलब एक जैसे रंग, एक जैसे डिजाईन के कपड़े हों।

कपड़ा बनाने वाली कम्पनी एक हो। एक ही दुकान से कपड़ा लिया जाए। यह ड्रेस जेब रहित हो यानी जब वर्दी में जेब नहीं होगी तो हेरा फेरी नहीं हो सकती। पहले नोट तहकर जेब में आराम से रखकर ले जाते होंगे। यह ड्रेस कर्मचारियों को ईमानदार बने रहने के लिए प्रेरित करेगी। दूसरा उपदेश यह आया कि मोबाइल और पर्स वगैरा बाहर रखा जाए। श्रद्धालु ज्यादा पुण्य कमाने के लिए नोट गणना में शामिल हो सकते हैं उन्हें भी कर्मचारियों की तरह करना होगा। बच्चे इस पुण्य कार्य में शामिल नहीं हो सकते। नामी कम्पनी, बढ़िया क्वालिटी, उच्च तकनीकी दक्षता वाले, ईमानदारी से खरीदे गए कैमरे कार्य स्थल के कोने कोने में लगा दिए जाएं। अतिरिक्त कर्मचारी भी लगाए जाएं।

नोट पात्रों को उठाकर ले जाने, पैसा निकालने, नोटों की गड्डियां बनाने और बैंक कर्मचारियों को सौंपने तक की गतिविधि को सीसीटी-वी में लगातार देखकर रिकार्ड रखा जाए ताकि सनद रहे और बुरे वक़्त में काम आए। ज़िम्मेदार उच्च अधिकारी दक्षता से अपना मोर्चा स्थापित करेंगे और स्वाभाविक है उधर चोरी करने वाले भी अपनी नई स्किल विकसित कर रहे होंगे और नए कार्यक्षेत्र भी आजमाएंगे। यह तो समय को पता है कि जांच समिति के कौन कौन से सुझाव किस सीमा तक कितने कार्यन्वित होंगे। कुछ भी हो जी, जब जांच समिति के सुझावों का मौसम आता है तो अच्छा लगता है। ऐसा लगता है कुछ सकारात्मक होने के बेहतर दिन आ गए।

## कभी Director के ड्राइवर थे महमूद, फिर ऐसे बने Bollywood के सबसे महंगे Actor



**23 जुलाई को हिंदी सिनेमा के बेहतरीन कॉमेडियन महमूद अली का निधन हो गया था। उन्होंने अपने करियर के शुरूआती दिनों में गुजारा करने के लिए न जाने कितने छोटे-मोटे काम किए।**

जब भी बॉलीवुड के सबसे बेहतरीन और सफल कॉमेडियन का जिक्र होता है। तो महमूद अली का नाम सबसे पहले आता है। बड़े पर्दे पर करोड़ों लोगों को हंसाने वाले महमूद अली की पर्सनल लाइफ चुनौतियों और कठिन परिस्थितियों से भरी हुई थी। उन्होंने अपने करियर के शुरूआती दिनों में गुजारा करने के लिए न जाने कितने छोटे-मोटे काम किए। 23 जुलाई को महमूद अली का निधन हो गया था। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर महमूद अली के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

वहीं 29 सितंबर 1932 को महमूद अली का जन्म हुआ था।

फिल्मों में आने से पहले वह एक्ट्रेस मीना कुमारी के टेनिस कोच थे। वह डायरेक्टर पीएल संतोषी के ड्राइवर भी रहे। उन्होंने दिग्गज एक्ट्रेस मीन कुमारी की बहन मधु से शादी की।

उनकी कॉमेडी की सबसे खास बात यह है कि उनका हैदराबादी उर्दू लहजा था। जिसको दर्शकों ने काफी पसंद किया। उन्होंने अपने 'सीआईडी' से अपने फिल्मी सफर की शुरूआत की थी। महमदू ने 4 दशकों से ज्यादा लंबे करियर में 300 से ज्यादा फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जादू बिखेरा है। महमूद की शानदार एक्टिंग का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उनको 25 बार फिल्मफेयर में नामांकित किया गया।

उस समय कॉमेडी में पुरस्कार बाद में शुरू हुए थे। फिर भी उन्होंने कई बार इस ट्रॉफी को अपने नाम किया था। महमूद अली ने अपनी पॉपुलैरिटी के चरम पर हिंदी फिल्मों के मुख्य अभिनेताओं से ज्यादा फीस लेते थे।

**आखिरी अलविदा**

80 के दशक में जब फिल्म इंडस्ट्री में नए कॉमेडियन आए। तो महमूद की फिल्मों की संख्या काफी कम होती चली गई। अंदाज अपना-अपना में उनका जॉनी की रोल एक्टर के रूप में उनकी आखिरी और सबसे हिट भूमिका साबित हुई। जीवन के आखिरी समय में महमूद लगातार दिल की बीमारियों से जूझते रहे। वहीं बेहतर इलाज की उम्मीद में महमूद अमेरिका गए थे। वहीं 23 जुलाई 2004 को पेंसिल्वेनिया में नींद के दौरान महमूद अली ने दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762


मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit, Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1
Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682